


# अखंड भारत समाचार

पेज़ 06 मूल्य 4 रुपए गुरुवार, 18 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02





विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

8708565733


# ईरान अमेरिका के साथ हुए समझौते को अपनी जीत क्यों मान रहा है?



अमेरिका के साथ मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) को ईरान का नेतृत्व, पीछे हटने के बजाय प्रतिरोध और जीत का नतीजा बताने की कोशिश कर रहा है. लेकिन लोगों को दलील से सहमत करवाना आसान नहीं है. देश अभी-अभी एक विनाशकारी युद्ध से गुज़रा है, अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है और ईरान के अपने समर्थकों का एक हिस्सा महीनों से वॉशिंगटन के साथ किसी भी समझौते का विरोध करता रहा है. इसके अलावा ईरान के भीतर और बाहर भी ऐसे लोग हैं जो इस संकट को कूटनीति का अवसर नहीं, बल्कि शासन परिवर्तन का मौका मानते हैं. वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों ने इस समझौते को जीत बताया. संसद अध्यक्ष और वार्ता में अहम भूमिका निभाने वाले मोहम्मद बाग़र ग़ालिबाफ़ ने कहा कि ईरान ने 'अंतिम जीत की ओर एक लंबा क़दम बढ़ाया है'. राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने एक बड़े परिवर्तन की संभावना के रूप में इस समझौते की व्याख्या की. उन्होंने कहा कि अगर इसे पूरी तरह लागू किया गया तो यह ईरान की कई समस्याएँ हल कर सकता है और ईरान व मध्य पूर्व में 'एक अलग दुनिया' बना सकता है.

ग़ालिबाफ़ की भूमिका अहम है क्योंकि उन्हें पेज़ेश्कियान के उदारवादी खेमे से नहीं माना जाता.

# नवाचार और तकनीक : नए भारत की पहचान

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां नवाचार और तकनीक केवल विकास के साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की नई पहचान बन चुके हैं। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत भी अपने युवाओं की प्रतिभा, विज्ञान और तकनीकी क्षमता के बल पर वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बना रहा है।

आज का युवा केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि नए अवसरों का निर्माण करने वाला बन रहा है। स्टार्टअप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक, कृषि नवाचार, अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक उद्योगों में भारतीय युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही दिशा और अवसर मिले तो वे विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं।

आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल सरकार की योजनाओं से पूरा नहीं होगा। इसके लिए युवाओं को नए विचारों को अपनाना होगा, तकनीक का सही उपयोग करना होगा और समस्याओं को अवसर में बदलने की सोच विकसित करनी होगी। नवाचार केवल मशीनों या कंप्यूटर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने और कार्य करने का एक नया तरीका है।

आज आवश्यकता ऐसे युवाओं की है जो स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दें, नए स्टार्टअप स्थापित करें, कौशल विकास पर ध्यान दें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाएं। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति है और यही शक्ति आने वाले वर्षों में भारत को आर्थिक, तकनीकी और बौद्धिक महाशक्ति बना सकती है।

अखंड भारत सेना का मानना है कि राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार जागरूक, शिक्षित और नवाचारी युवा होते हैं। यदि युवा अपने ज्ञान, परिश्रम और संकल्प को राष्ट्रहित से जोड़ दें, तो भारत केवल विकसित राष्ट्र ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए प्रेरणा का केंद्र भी बन सकता है।

आइए, हम संकल्प लें कि हम नवाचार को अपनाएंगे, तकनीक का सदुपयोग करेंगे और एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो आत्मनिर्भर, समृद्ध, शक्तिशाली और विश्व में सम्मानित हो।

याद रखिए—

"जब युवा नवाचार करता है, तभी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित होता है।"

– सुश्री सुषमा

संस्थापक एवं अध्यक्ष

अखंड भारत सेना



## मॉस्को का एयर डिफेंस फेल... यूक्रेनी ड्रोनों ने मचाया कहर, दहक रही हैं इमारतें, धुएं से काला हुआ आकाश



रूस की राजधानी मॉस्को पर यूक्रेन ने प्रचंड हमला किया है. मॉस्को की कई इमारतों से आग और धुएं की लपटें निकल रही है. इस हमले में रूस की ऑयल रिफाइनरियां चपेट में आईं हैं. एयरपोर्ट से विमानों की फ्लाइट रोक दी गई है. रूसी अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूक्रेन ने एक हफ़्ते में दूसरी बार मॉस्को की एक ऑयल रिफ़ाइनरी पर हमला किया और मॉस्को के एयरपोर्ट्स पर कमर्शियल फ़्लाइट्स को रोक दिया. यह हमला चार साल से ज़्यादा समय पहले रूस के हमले के बाद से यूक्रेन के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक था. ऑयल रिफाइनरी पर हमले के बाद उसमें भयंकर विस्फोट हुआ और आग की लपटें आसमान तक देखी गईं.

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी एयर डिफ़ेंस सिस्टम ने रात भर में कई इलाकों में 555 यूक्रेनी ड्रोन्स को मार गिराया, जिनमें से लगभग 200 को रूसी राजधानी के पास पहुंचने पर रोका गया. लेकिन कई ड्रोन शहर को निशाना बनाने में कामयाब रहे. मॉस्को में लगा रूस का एयर डिफेंस सिस्टम सभी ड्रोन्स को फेल नहीं कर सका. ड्रोन हमले से जिनसे टेरीटरी ऑफ सैडोवोड, बेलाया दाचा जैसे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कुछ आवासीय इमारतों को क्षति पहुंची है. कई जगहों से आग की भारी लपटें निकल रही हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले से जुड़े वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया है.

## अपनी सुरक्षा खुद करो', अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने यूरोपीय देशों को लताड़ा



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने नाटो देशों को कड़ी फटकार लगाते हुए यूरोप में तैनात अमेरिकी सैनिकों की छह महीने की समीक्षा का ऐलान किया. उन्होंने ईरान पर कार्रवाई के दौरान सहयोग न मिलने और रक्षा खर्च बढ़ाने में देरी को लेकर यूरोपीय देशों को आड़े हाथों लिया. अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को NATO देशों की बैठक में यूरोपीय सहयोगियों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने घोषणा की कि यूरोप में तैनात अमेरिकी सैन्य बलों की अगले छह महीनों में व्यापक समीक्षा की जाएगी. उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी इस बात पर निर्भर करेगी कि यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी कितनी तेजी और गंभीरता से अपने हाथ में लेते हैं.ब्रुसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए हेगसेथ ने कहा कि यह केवल औपचारिक समीक्षा नहीं होगी, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यूरोप अपनी रक्षा का नेतृत्व स्वयं करे और अमेरिका पर निर्भरता कम करे.

## झारखंड राज्यसभा चुनाव: NDA समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवाणी जीते



झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव की वोटिंग गुरुवार को खत्म हो गई. तीन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने के लिए वोटों की गिनती शाम 5 बजे शुरू हो गई. उन्होंने बताया कि विधानसभा परिसर में बनाए गए पोलिंग स्टेशन पर सभी 81 विधायकों ने कड़ी सुरक्षा के बीच वोट डाले. इन दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं - बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी, जेएमएम के बैद्यनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा.
वोट डालने वाले 81 विधायकों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, बीजेपी के चीफ व्हिप नवीन जायसवाल, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल हैं.
सबसे पहले वोट डालने वाले जायसवाल ने कहा, 'पार्टी के 21 विधायकों और एजेएसयू पार्टी, जेडी(यू) और एलजेपी (आरवी) के एक-एक विधायक ने एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नथवानी के पक्ष में वोट डाला.'

## भारतीय हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को हराया, मनप्रीत सिंह ने तोड़ा दिलीप टिर्की का बड़ा रिकॉर्ड




भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 2025-26 मेन्स एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जीत दर्ज की और नीदरलैंड के रॉटरडैम में हजेलारवेग स्टेडियम में खेले गए टूर्नामेंट के अपने 10वें मैच में वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 3-1 से हराया। यह मैच भारतीय हॉकी के पूर्व कप्तान व सीनियर खिलाड़ी मनप्रीत सिंह के लिए बेहद यादगार रहा जो भारत के हॉकी इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी बने। मनप्रीत सिंह ने भारत के लिए 413वां मैच खेलकर भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी दिलीप टिर्की (412 मैच) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 33 साल के मनप्रीत ने भारत के लिए साल 2011 में डेब्यू किया था और लंबे समय तक टीम की कप्तानी भी की। उनकी कप्तानी में भी भारत ने साल 2021 टोक्यो में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर 41 साल बाद ओलंपिक गेम्स में अपना पहला मेडल हासिल किया था। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत की शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित किया और उनके लिए ₹10 लाख के नकद इनाम की घोषणा की। 45वें मिनट में एक गोल किया। इस टूर्नामेंट में भारत अभी भी 9वें स्थान पर है और अंकतालिका में उसके पीछे केवल पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। 'मेन इन ग्रीन' के पास अब तक 0 अंक हैं और उनका रेलीगेशन तय है।

## खुद गोल करने के चक्कर में रोनाल्डो ने बिगाड़ा पुर्तगाल का खेल? इस दिग्गज ने लाइव शो में खोली पोल



क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए भले ही मुकाबला निराशाजनक रहा हो, लेकिन उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. वह पुरुष फुटबॉल इतिहास के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह फीफा वर्ल्ड कप खेले हैं. रोनाल्डो के अलावा लियोनेल मेसी ही ऐसा कर पाए हैं. फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल की शुरुआत उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही. ग्रुप-के के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल को कांगो ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया. अब मैच के बाद सबसे ज्यादा चर्चा टीम के कप्तान और स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हो रही है, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है. फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर थिएरी हेनरी ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के खेल पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह टीम के लिए मौके बनाने के बजाय खुद गोल करने की कोशिश में ज्यादा दिखाई दिए. नीरज हेनरी का मानना है कि रोनाल्डो की एक गलत मूवमेंट की वजह से पुर्तगाल आसान गोल करने का मौका गंवा बैठा. फॉक्स स्पोर्ट्स पर मैच के बाद विश्लेषण करते हुए हेनरी ने दूसरे हाफ की एक घटना का जिक्र किया, जिसमें ब्रूनो फर्नांडीस के पास गोल करने का शानदार मौका था

## दर्द में 'तारक मेहता' के बाघा, सेट पर बिलख-बिलखकर रोए, रोकनी पड़ी शूटिंग, असित मोदी ने संभाला



तन्मय वेकारिया शूटिंग के दौरान मां की याद आने पर फूट-फूटकर रो पड़े, जिससे शूटिंग रोकनी पड़ी. प्रोड्यूसर असित मोदी और बाकी क्रू मेंबर्स तन्मय का सहारा बने. सिटकॉम शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तन्मय वेकारिया बाघा का रोल प्ले करते हैं. बीते कुछ दिन उनके लिए अच्छे नहीं थे. क्योंकि हाल ही में एक्टर ने अपनी मां को खोया है. शूटिंग के वक्त उन्हें मां की याद आ गई. जिसकी वजह से वो सीन के बीच इमोशनल हो गए. तन्मय फूट-फूटकर रोने लगे. उन्हें यूं इमोशनल देख मेकर्स ने थोड़ी देर के लिए शूटिंग रोकी. सूत्रों के मुताबिक, सेट पर बाघा को यूं रोते हुए देखकर पूरे कास्ट एंड क्रू की आंखें नम हो गई थीं. ईटाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच इमोशनल हो गए थे. वो बाघा-बावरी लव स्टोरी से जुड़ा सीन कर रहे थे. इस लव ट्रैक को ऑडियंस काफी पसंद कर रही है. जैसे ही कैमरा रोल हुआ, तन्मय को अपनी मां की याद आ गई.


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
ANTRA
DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
Antra
Antra Developers
"हर कदम भरोसे का,
हर दिशा विकास की"
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
DHOLERA SMART CITY
DEALING IN DHOLERA SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
High Growth Potential
Trusted Name Proven Results
BOOK YOUR PLOT NOW
BUILD YOUR TOMORROW, TODAY!
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


HEALING ENERGY
WITH Sushma
अपनी सारी
परेशानियों को खत्म करें
मात्र व्हाट्सएप पर DOB डालने से
Heal
Balance
Transform
WHATSAPP NOW
8287523965
Heal Within



## Delhi News: एक्शन मोड में दिल्ली विधानसभा! 2026-27 के लिए बनीं 32 समितियां, विपक्ष को भी मिला प्रतिनिधित्व

दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर 2026-27 के लिए 32 सदन समितियां गठित की हैं। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुप्ता पांच समितियों की अध्यक्षता करेंगे, जबकि विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट तीन समितियों के प्रमुख होंगे।

विपक्षी आम आदमी पार्टी के विधायक गोपाल राय और प्रवेश रत्न पटल पर रखे दस्तावेजों से जुड़ी समिति और प्रत्यायोजित विधान से जुड़ी समिति की अध्यक्षता करेंगे। दिल्ली विधानसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बाकी सभी समितियों की अध्यक्षता सत्ताधारी बीजेपी के विधायक करेंगे। बयान के अनुसार, समितियों में बीजेपी और आप दोनों के विधायकों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष कार्य मंत्रणा, निजी सदस्य के विधेयक और प्रस्ताव, नियम, सामान्य कामकाज और पुस्तकालय समितियों की अध्यक्षता करेंगे। दिल्ली के 70 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के 48 और आपके 22 विधायक हैं।










| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |





# Middle East Crisis 2026: अमेरिका-ईरान सीजफायर के बीच बढ़ा तनाव, चीन ने किया बड़ा ऐलान




**रिपोर्ट: सुषमा**
अंतरराष्ट्रीय डेस्क | 18 जून 2026

Middle East Crisis 2026 में क्या हो रहा है?

मिडिल ईस्ट में हालात तेजी से बदल रहे हैं। एक तरफ अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। दूसरी तरफ ड्रोन हमलों के दावे और राजनीतिक तनाव ने नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।
इसी कारण पूरी दुनिया की नजर इस क्षेत्र पर बनी हुई है।
स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ड्रोन हमलों का दावा
अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान समर्थित समूहों ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ड्रोन हमलों की कोशिश की।
अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार सभी ड्रोन समय रहते इंटरसेप्ट कर लिए गए। इसलिए किसी सैन्य जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा।
हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।
ईरानी तेल टैंकरों की आवाजाही जारी
ताजा समुद्री ट्रैकिंग डेटा के अनुसार ईरान के तेल टैंकर लगातार स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे हैं।
विशेषज्ञों का कहना है कि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए सकारात्मक संकेत माना जा सकता है।
इसके अलावा यह दिखाता है कि समुद्री व्यापार पूरी तरह नहीं रुका है।
चीन ने ईरान और लेबनान के लिए सहायता की घोषणा की
चीन ने ईरान और लेबनान को मानवीय सहायता देने का ऐलान किया है।
चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री और पुनर्निर्माण कार्यों में सहयोग दिया जाएगा।
चीन ने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए।
जी-7 देशों ने सीजफायर प्रयासों का समर्थन किया
जी-7 देशों के नेताओं ने अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति प्रयासों का स्वागत किया है।
नेताओं का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।
हालांकि उन्होंने ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर चिंता भी जताई।
पाकिस्तान करेगा फंसे नागरिकों की मदद
पाकिस्तान ने कहा है कि ईरान में फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
इसमें समुद्र में फंसे मछुआरे और जहाजों के चालक दल के सदस्य भी शामिल हैं।
चीन ने सीजफायर के पालन की अपील की